श्री सी. राजगोपालाचारी को सेंट्रल हॉल में याद किया गया

नई दिल्ली, 10 दिसंबर, 2022: भारत रत्न श्री सी. राजगोपालाचारी को आज उनकी जयंती पर संसद भवन के सेंट्रल हॉल में याद किया गया।

संसद सदस्यों ने इस अवसर पर श्री सी. राजगोपालाचारी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह और लोक सभा सचिवालय तथा राज्य सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी श्री सी. राजगोपालाचारी को पुष्पांजलि अर्पित की।

समारोह में भाग लेने वालों को श्री सी. राजगोपालाचारी के जीवन परिचय वाली लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रकाशित एक पुस्तिका भी भेंट की गई।